ग्वालियर में बेबी फीडिंग सेंटर शुरू

चर्चा में क्यों?

10 फरवरी, 2022 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में स्थित जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अविनाश तिवारी और कुलसचिव डॉ. सुशील मंडेरिया ने विश्वविद्यालय में **पहला बेबी फीडिंग सेंटर 'दुलार'** का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- जीवाजी विश्वविद्यालय यह अनूठी शुरुआत करने वाला **प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय** बन गया है।
- कुलपति प्रो. अविनाश तिवारी ने बताया कि परीक्षा के दौरान आने वाली माँ और बच्चे की संवेदनाओं को समझ कर इस फीडिंग सेंटर को परीक्षा भवन में ही बनाने का निर्देश दिया गया है।
- इस **फीडिंग सेंटर का नाम 'दुलार'** रखा गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/baby-feeding-center-in-gwalior